सत्यमेव जयते | वर्ष 1 अंक 25 | पृष्ठ 04 | मूल्य-2 रूपये | जालौर, शनिवार, 16 जुलाई 2022

दैनिक
# गुरूज्योति पत्रिका
सत्य का पुजारी हूं, भले ही छोटा ही सही, असत्य मेरे सामने टिकेगा नहीं

# राजस्थान में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात

## श्रीगंगानगर में 43 साल का रिकॉर्ड टूटा स्कूलों में अगले आदेश तक छुट्टी

## प्रशासन ने चुनौती से निपटने के लिए सेना से मदद मांगी



गुरूज्योति पत्रिका/जयपुर

राजस्थान में इस साल बारिश कई रिकॉर्ड तोड़ती नजर आ रही है। बीते 24 घंटे के दौरान राजस्थान के अधिकतर जिलों में भारी बरसात हुई। सबसे अधिक श्रीगंगानगर में 10 इंच बरसात रिकॉर्ड की गई, जो जिले में चार दशक में होने वाली सबसे अधिक बारिश है। लगातार बरसात से शहर के हालात खराब हो गए हैं। प्रशासन ने इस चुनौती से निपटने के लिए सेना से मदद मांगी है। इसके अलावा उदयपुर, सिरोही में भी 100 एमएम से ज्यादा बारिश हुई। लगातार बरसात के कारण कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति हो गई है। वहीं, मौसम केन्द्र जयपुर ने अगले 48 घंटों में भी 22 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट दिया है।

### गांवों बने बाढ़ के हालात

रायसिंहनगर. क्षेत्र में सुबह छह बजे शुरू हुई भारी से आम जन का जीवन अस्त व्यस्त हो गया। पांच घंटों से लगातार हो रही बारिश से शहर और गांवों की गलियां नालों के रूप में तब्दील हो गई। लोगों के घरों में पानी घुस गया। खेत पानी से लबालब हो गए। उधर, बरसात की अधिकता के चलते किसानों ने नहरों के मोघे बंद किए जा रहे है। जिससे नहरों में पानी की मात्रा बढ़ने से नहरें ओवरफ्लो होकर टूटने के कगार पर पहुंच गई है। जिसको लेकर सिंचाई विभाग द्वारा किसानों को मौके बंद कर नहीं करने की हिदायत दी जा रही है।

## छोटी-बड़ी खबरे...

### जम्मू-कश्मीर में सेना के जवान ने साथियों पर फायरिंग की:2 की मौत, 2 घायल



गुरूज्योति पत्रिका/श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के एक जवान ने अपने 4 साथियों पर फायरिंग कर दी। गोली लगने से घायल 2 जवानों की मौत हो चुकी है, जबकि 2 अन्य जवान घायल हैं। इनमें एक जवान ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। वहीं, एक की मौत इलाज के दौरान हुई है। घटना पुंछ के सुरानकोटे इलाके में स्थित 156 प्रादेशिक सेना बटालियन में शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे हुई। सभी घायलों को एयरलिफ्ट कर उधमपुर आर्मी अस्पताल में एडमिट कराया गया है। जहां एक जवान ने दम तोड़ दिया। बाद में गोलीबारी करने वाले जवान ने अपने पेट में गोली मार ली थी। हालांकि हमला करने वाले जवान बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। आर्मी ने भी इस मामले में अभी तक कोई बयान जारी नहीं किया है। सूत्रों के मुताबिक, घटना की जांच के आदेश दिए गए हैं। एक सीनियर आर्मी अफसर ने घटना की पुष्टि की है और बताया है कि पीड़ित टेरिटोरियल आर्मी के हैं। द राइजिंग कश्मीर की रिपोर्ट के मुताबिक, सिपाही इबरार अहमद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 घायलों में सिपाही माकन सिंह, नायक खलील अहमद और नायक इम्तियाज अहमद शामिल हैं।

### आटा-दाल पर जीएसटी लगाने का विरोधः जयपुर में आज सड़कों पर उतरेगी कांग्रेस



गुरूज्योति पत्रिका/जयपुर

खुला आटा, दाल, चावल, मखाने सहित अन्य अनाज पर 5 फीसदी वस्तु एवं सेवा कर (त्रस्ज्ञ) लगाने के निर्णय पर कांग्रेस ने विरोध जताया है। 16 जुलाई को जयपुर शहर कांग्रेस के प्रतिनिधि शहर के सभी विधानसभा में विरोध प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला फूंकेगी। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने बताया कि केन्द्र सरकार ने जब जीएसटी लागू किया था तब वादा किया था कि खाद्य उत्पाद गेंहू, आटा, दाल, चावल आदि को कभी टैक्स के दायरे में नहीं लाया जाएगा। कोविड के बाद से लोग वैसे ही महंगाई और बेरोजगारी से अभी उभर भी नहीं पाए है। गरीब और मध्यम वर्ग के कई ऐसे लाखों परिवार है जो अब भी एक-एक दिन के खाने के लिए संघर्ष कर रहे है, ऐसे में लोगों पर टैक्स लगाकर केन्द्र सरकार ने अब उनकी जेब ही नहीं बल्कि पेट पर भी चोट कर दी है। खाचरियावास ने बताया कि कल सुबह 11 बजे जयपुर के हर विधानसभा क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस आंदोलन को हम आगे भी जारी रखेंगे और कैसे-कैसे विरोध प्रदर्शन करेंगे इसके लिए आगे की रूपरेखा तय की जाएगी।

### SDRF राजस्थान को मिला सम्मान

## जानेमाने आईपीएस पंकज चौधरी ने रिसीव किया गवर्नेंस नाउ द्वितीय भारत पुलिस पुरस्कार 2022

गुरूज्योति पत्रिका



'न जाति, न धर्म, न क्षेत्र, देश सर्वोपरि, जयहिन्द'

**जयपुर/संतोष चन्द्र(संपादक)।** एसडी आरएफ कमांडेंट पंकज चौधरी आईपीएस को रेस्क्यू एंड रिलीफ के तहत गवर्नेंस नाउ दूसरा भारत पुलिस पुरस्कार 2022 मिला। यह प्रतिष्ठित अवार्ड एसडीआरएफ राजस्थान द्वारा रेस्क्यू व रिलीफ के लिए वर्षपर्यंत किए गए साहसिक व उल्लेखनीय कार्य के लिए दिया गया । 31 दिसंबर 2021 तक वर्ष 2021 के लिए देशभर के पुलिस के विभिन्न विंग द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्य के आधार पर नॉमिनेशन मांगा गया व विभिन्न कमेटियों के सघन स्क्रीनिंग के उपरांत एसडीआरएफ राजस्थान को यह अवार्ड आज दिया गया। अवार्ड समारोह में दक्षिण के राज्यों का प्रभुत्व रहा वही उत्तर के राज्यों में राजस्थान एसडीआरएफ के अलावा दिल्ली को भी अवार्ड मिला । पंकज चौधरी ने आज समारोह में बोलते हुए ये प्रतिष्ठित अवार्ड उन एसडीआरएफ़ के जवानों को समर्पित किया जिन्होंने अपनी जान की बाज़ी लगाकर वर्ष 2021 -2022 में विभिन्न रेस्क्यू में हजारों लोगों का जीवन बचाया है ।

## दिल्ली में बड़ा हादसाः अलीपुर के गोदाम में दीवार ढहने से 5 मजदूरों की मौत, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

गुरूज्योति पत्रिका/नई दिल्ली।



देश की राजधानी दिल्ली से शुक्रवार को दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां के अलीपुर इलाके में एक दीवार ढहने से मलबे के नीचे दबकर 5 मजदूरों की मौत हो गई है। हादसे की जानकारी मिलते ही प्रशासन और पुलिस का अमला मौके पर पहुंच गया। वहीं बचाव कार्य भी जारी है। बताया जा रहा है कि, दीवार के मलबे में नीचे कई लोगों के अभी भी फंसे होने की आशंका है। दरअसल हादसे के वक्त 20 से 25 मजदूर गोदाम में काम कर रहे थे। पुलिस प्रशासन रेस्क्यू अभियान में जुट गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, 14 घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। 7 घायल खतरे के बाहर हैं, वहीं दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। ऐसे में मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है। घायल लोगों को इलाज के लिए राजा हरीश चंद्र हॉस्पिटल ले जाया गया है। बताया जा रहा है कि शिकायत मिलने के बावजूद डीएम और एसडीएम कार्यालय अवैध गोदामों के निर्माण को नहीं रोक रहा था। मिली जानकारी के मुताबक मलबा हटाने का काम तेजी से चल रहा है। वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

### सबसे बड़ा सवाल

दीवार कैसे गिरी फिलहाल ये जांच का विषय है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि, बारिश का मौसम है और ऐसे में इस तरह की इमारतों या निर्माण के दौरान जरा सी लापरवाही और हादसों को निमंत्रण दे सकती है।

### दो दिन पहले भी हुआ हादसा

दो दिन के अंदर ये दूसरा हादसा है। इससे पहले भारी बारिश के बाद नाना पेठ इलाके में एक जीर्ण-शीर्ण वाडे का एक हिस्सा गिरने से दो लोग घायल हो गए थे। दीवार एक घर पर गिरी जहां चार लोग मौजूद थे। दो लोगों को बचा लिया गया, जबकि दो घायल हो गए थे।

## कार्यालय नगर पालिका मण्ड़ल, भीनमाल (राज.)

(कचहरी के सामने, खारी रोड, भीनमाल-343029)

Tel-(02969)220003 Email e-officer22@yahoo.in

क्रमांकः नपाभी/प्र.श.सं.अभि/2022/2440 दिनांकः15.7.2022

### -:: प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 शिविर कार्यक्रमः:-

श्रीमान् निदेशक एवं विशिष्ठ सचिव महोदय,स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर व नगरीय विकास विभाग के आदेश क्रमांक प.17(1)नविवि/अभियान/2021/जयपुर दिनांक 01.07.2022 के द्वारा प्रशासन शहरो संग अभियान-2021 पुनः दिनांक 15.07.2022 से प्रारम्भ किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। आदेश की अनुपालना में निकाय स्तर पर दिनांक 18.07.2022 से 06.12.2022 तक प्रातः 10.00 से साय 6.00 बजे तक शिविर कार्यक्रम निर्धारित किया जाता है। शिविर प्रभारी श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी,भीनमाल रहेगें। उक्त अभियान में दिनांक 01.07.2022 को समस्त छूट/शिथिलताऐं/दरें एवं शक्तियां पूर्वोनुसार यथावत रखी गई है। शिविर कार्यक्रम निम्नानुसार हैः-

| क्र.स. | दिनांक | वार्ड सं. | शिविर स्थल का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 18.07.2022<br>19.07.2022 | 20,21 | राजकीय प्रवेशिका विद्यालय संतोषी माता (संस्कृत) भीनमाल |
| 2. | 21.07.2022<br>22.07.2022 | 22 | राजकीय माध्यमिक विद्यालय,संतोषी माता के सामने,भीनमाल |
| 3 | 25.07.2022<br>26.07.2022 | 23 | राजकीय माध्यमिक विद्यालय,संतोषी माता के सामने,भीनमाल |
| 4 | 28.07.2022<br>29.07.2022 | 24 | शिव बालनिकेतन स्कूल के पास चौक |
| 5 | 01.08.2022<br>02.08.2022 | 25 | इन्द्रा नगर बगीचा |
| 6. | 04.08.2022<br>05.08.2022 | 26 | राजकीय उ्च्च प्राथमिक विघालय गौशाला रोड भीनमाल |
| 7. | 22.08.2022<br>23.08.2022 | 27 | राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय,माघ कोलोनी,भीनमाल |
| 8. | 25.08.2022<br>26.08.2022 | 28 | राजकीय विद्यालय रेलवे स्टेशन रोड |
| 9. | 29.08.2022<br>30.08.2022 | 29 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय विनायपुरी,भीनमाल |
| 10. | 01.09.2022<br>02.09.2022 | 30,39 | खेल मैदान,तलबी रोड |
| 11. | 07.09.2022<br>08.09.2022 | 31,40 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (हायर सैकण्डरी स्कूल),भीनमाल |
| 12. | 12.09.2022<br>13.09.2022 | 32,33 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय,जगजीवनराम कोलोनी |
| 13. | 15.09.2022<br>16.09.2022 | 34 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय 02 ,जगजीवनराम कोलोनी |
| 14. | 19.09.2022<br>20.09.2022 | 35,38 | रामेदव जी मन्दिर,होली चौक |
| 15 | 22.09.2022<br>23.09.2022 | 36 | घंमडीराम जी का नोहरा |
| 16 | 27.09.2022<br>28.09.2022 | 37 | नगर पालिका परिसर |
| 17 | 06.10.2022<br>07.10.2022 | 19 | पुराने वन विभाग की भूमि |
| 18 | 10.10.2022<br>11.10.2022 | 17,18 | राजकीय विद्यालय,अस्पताल रोड |
| 19 | 13.10.2022<br>14.10.2022 | 16 | सतीथडा सर्कल |
| 20 | 17.10.2022<br>18.10.2022 | 14,15 | अम्बेडकर भवन |
| 21 | 20.10.2022<br>21.10.2022 | 13 | दुदावा जाव |
| 22 | 31.10.2022<br>01.11.2022 | 12 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय विनायपुरी,भीनमाल |
| 23 | 03.11.2022<br>04.11.2022 | 11 | आदर्श नगर आरक्षित भूमि |
| 24 | 09.11.2022<br>10.11.2022 | 9,10 | राजकीय विद्यालय हनुमान कोलोनी |
| 25 | 14.11.2022<br>15.11.2022 | 8 | मालवीय नगर बगीचा भूमि |
| 26 | 17.11.2022<br>18.11.2022 | 7 | राजकीय विद्यालय बालदिया की ढाणी |
| 27 | 21.11.2022<br>22.11.2022 | 5,6 | राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम,करडा रोड |
| 28 | 24.11.2022<br>25.11.2022 | 4 | श्रावण बेरा |
| 29 | 28.11.2022<br>29.11.2022 | 3 | स्वास्तिक नगर पार्क |
| 30 | 01.12.2022<br>02.12.2022 | 2 | मामाजी मन्दिर परिसर |
| 31 | 05.12.2022<br>06.12.2022 | 1 | प्राईवेट बस स्टेण्ड की भूमि |

(आशुतोष आचार्य)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका भीनमाल

## गुरु पूर्णिमा पर्व पर अजय चौहान ने अपने गुरुदेव हरजी महाराज का लिया आशीर्वाद




**गुरूज्योति पत्रिका/जालोर।** गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर भारतीय मानवाधिकार न्याय सुरक्षा परिषद राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अजय चौहान नाडोल गये, वहां पर बाल तपस्वी अणसी बाई के दर्शन किये,और अपनी मनोकामना पूर्ण होने की कामना की। वहां पर अपने गुरुदेव महंत हरजी महाराज का आशीर्वाद लिया।

## पिता के निधन पर बेटे ने मृत्युभोज की बजाय शैक्षणिक संस्थान को दिए 5 लाख 31 हजार रुपये



**गुरूज्योति पत्रिका/जालोर।** जिले के आहोर उपखण्ड क्षेत्र के रामा गांव के पूर्व सरपंच के निधन पर उनके बेटे ने मृत्युभोज के बजाय शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शैक्षणिक संस्थान को दान दिया है। उनकी इस पहल पर सभी ने प्रशंसा की है। जानकारी के मुताबिक रामा गांव में शिक्षा प्रेमी, समाजसेवी, रामा के पूर्व सरपंच स्व. लालाराम पटेल की स्मृति में उनके पुत्र जगदीश कुमार, पौत्र रोशनलाल व परिवार सदस्यों ने मृत्युभोज बंद कर शिक्षा के लिए महाराज श्री राजाराम शिक्षण संस्थान, पालरोड, जोधपुर को महंत दयाराम महाराज की उपस्थिति में 5 लाख 31 हजार रुपए दान किए है। उन्होंने संस्थान अध्यक्ष सवाराम पटेल, उपाध्यक्ष पुखराज पटेल, कार्यकारिणी सदस्य चेनाराम पटेल को चेक दिया ।

## विद्युत ट्रासफोर्मर से जमीन में विद्युत प्रवाह, ग्रामीणों ने ट्रासफोर्मर दुसरी जगह लगाने की मांग की



**गुरूज्योति पत्रिका/जसवतंपुरा।** स्थानीय महात्मा गांधी अग्रेजी माध्यम स्कूल के मुख्य दरवाजे के ठीक पास विद्युत विभाग का ट्रासफोर्मर लगा है रात को बरसात होने पर ट्रासफोर्मर में शोर्ट सर्किट हो गया जिससे विद्युत प्रवाह जमीन पर आ गया। स्कुल में आने जाने वाले छात्र छात्राऐं जैसे ही ट्रासफोर्मर के पास से गुजरे उनका शरीर में हल्का विद्युत प्रवाह होने से कांपने लगा। जिस पर मौके पर उपस्थित ग्रामीण रामसिंह धुरपडा ने ट्रासफोर्मर के आगे कांथें लगवा कर कनिष्ट अभियंता विद्युत को फोन करके सुचना दी जिस पर विद्युत विभाग द्वारा विद्युत प्रवाह को ठीक कर दिया मगर भविष्य में कोई बडा हादसा होने की आशंका से विभाग से मांग कर ट्रासफोर्मर को सुरक्षित दुसरी जगह लगवाने की मांग की। साथ ही सबसे पुराना ट्रासफोर्मर जो पुराने तहसील भवन के पास लगा है वह भी मुख्य सडक के एकदम नजदीक लगा है जिससे वहा पर भी बडा हादसा हो सकता है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**गुरूज्योति पत्रिका/राजगढ़ (अलवर) ।** उपखंड के समीपवर्ती अलवर मेघा हाइवे पर सुरेर गांव के समीप स्थित पैट्रोल पंप पर एक अज्ञात चौपहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। हैंड कान्स्टेबल बाबुलाल ने बताया कि ग्रामीणों ने सूचना दी कि सुरेर पैट्रोल पम्प के पास एक स्विफ्ट डिजायर कार ने एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी है। जिससे दुपहिया वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक वाहन चालक बलदेवगढ़ निवासी महावीर शर्मा पुत्र रामकरण शर्मा है। पुलिस ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मोर्चरी में रखवाया।

## पर्यावरण पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



**गुरूज्योति पत्रिका/रानीवाड़ा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार मीणा आदेशानुसार ग्राम पंचायत आखराड के नरेगा स्थल पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पैरा लीगल वालंटियर राकेश कुमार भील ने नरेगा श्रमिक के अधीन पौधरोपण किया गया। महिलाओं को पर्यावरण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। और साथ में शपथ दिलाई गई हर खुशी के मौके पर एक पेड़ लगाना चाहिए महिलाओं को बताया गया । साथ में सुकन्या योजना , पालनहार योजना , बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश के दिया गया। साथ में महिलाओं को बताया गया कि समूह से जुड़कर कार्य करने की जानकारी दी गई। समूह से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया गया। इसी प्रकार साथ में महिला शिक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यस्थल पर मेट खली देवी , शम्भु पूरी नरेगा श्रमिक, रितु, तुलसीदेवी वादली देवी,मणि देवी सहित उपस्थित रहे।

# शिक्षा विभागः ये कैसी विडंबना कांग्रेस सरकार की कैबिनेट में पास नियम को लागू करवाने के लिए भी कला वर्ग के लाखों शिक्षकों को करना पड़ रहा है धरना प्रदर्शन

### नए सेवा नियम यूजी पीजी में समान विषय वाले वरिष्ठ अध्यापको को ही मिले व्याख्याता पद पर पदोन्नति

### पुराने नियम से पदोन्नति करने का विरोध शुरू

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**जयपुर/संतोष चंद्र(संपादक)।** राज्य के शिक्षा विभाग में कार्यरत वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता पद पर पुराने नियम से पदोन्नति करवाने के शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला के बयान का विरोध शुरू हो गया है । यूजी पीजी समान विषय संघर्ष समिति की ओर से धरना, प्रदर्शन व बार बार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत,शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला व निदेशक गौरव अग्रवाल को ज्ञापन देकर विरोध दर्ज करवा रही है। यूजी पीजी समान विषय समर्थक संघर्ष समिति के प्रदेश संरक्षक मोहर सिंह सलावद ने बताया की राज्य सरकार की कैबिनेट ने 3 अगस्त,2021 को 50 वर्ष बाद पुराने नियम को संशोधन करके नया सेवा नियम बनाया जिसमें यूजी पीजी में समान विषय वाले वरिष्ठ अध्यापको की ही स्कूल व्याख्याता पद पर पदोन्नति देने का नियम बनाया ।बच्चो को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसके लिए नए शिक्षा सेवा नियम समान विषय वाले शिक्षको की उच्च पदों पर पदोन्नति की जाएं।वर्तमान में विज्ञान संकाय में पद कम होने के कारण विज्ञान वर्ग वाले बीएससी व बीएड करके वरिष्ठ अध्यापक बन जाते है फिर कला संकाय में एमए करके पदोन्नति ले लेते है जिससे वास्तविक हकदार कला वर्ग के शिक्षक लंबे समय तक पदोन्नति से वंचित रह जाते है। इस गंभीर विसंगति को राज्य सरकार ने दूर करते हुए नया नियम बना दिया लेकिन केवल एम ए के आधार पर पदोन्नति पाने वाले शिक्षक आंदोलन करके पुराने नियम से पदोन्नति करवाने की मांग कर रहा है जिसे समिति सहन नहीं करेगी। विभाग की ओर से नए नियमों के अनुसार पदोन्नति के लिए पात्रता सूची जारी करके शिक्षको से एसीआर मांग ली गई लेकिन शिक्षा मंत्री के बयान के बाद पदोन्नति की प्रक्रिया को रोक दिया गया जो गलत है। शिक्षा विभाग में ये कैसी विडंबना है कि कांग्रेस सरकार की कैबिनेट ने जो नियम बनाया उसे ही लागू करवाने के लिए कला वर्ग के लाखो शिक्षकों को धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है।जबकि इस नियम से अब तक पदोन्नति हो जानी चाहिए थी। राज्य सरकार को शिक्षा विभाग में कार्यरत विज्ञान व कला वर्ग के शिक्षको की सूचना मांगनी चाहिए जिससे साफ हो जाएगा की किस वर्ग के कितने लोग प्रभावित हो रहें है। साथ ही शिक्षा विभाग जांच करवाए की किस किस शिक्षक ने अपने विषयो में पीजी करने के बाद भी असमान विषयो में पदोन्नति ले रहे है।

### क्या है मामला

राज्य के सरकारी स्कूलों में हिंदी,विज्ञान,गणित,अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान अनिवार्य विषयों के पढ़ाए जाते है।इसलिए इन विषयों में वरिष्ट अध्यापक के पद अधिक है।दूसरी ओर राज्य के उच्च माध्यमिक स्कूलों में पद कला, विज्ञान, वाणिज्य संकाय के हिसाब से स्वकृत है। इसलिए इन विषयो के पद कम है।विभाग में 50 पदो पर सीधी भर्ती ओर 50 प्रतिशत पदों पर पदोन्नति का प्रावधान है। विज्ञान वर्ग के शिक्षक जल्द पदोन्नति पाने के लिए अपने मूल विषय को छोड़ करके कला वर्ग के विषयो में एमए कर लेता है ओर पदोन्नति प्राप्त कर लेता है जिससे कला वर्ग वाले लंबे समय तक योग्य होते हुए भी पदोन्नति से वंचित रहते है।

### इनका कहना है



हम राज्य सरकार की कैबिनेट द्वारा लागू नए शिक्षा सेवा नियम से वरिष्ट अध्यापक से व्याख्याता पद की पदोन्नति करने की मांग कर रहे है ओर विभाग ने नए सेवा नियम से सूची भी जारी कर दी है लेकिन विज्ञान वर्ग के कुछ लोगों ने गलत जानकारी देकर पदोन्नति प्रक्रिया को रुकवा दिया। मौजूदा सरकार के नियम को लागु करवाने के लिए भी धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। 50 साल बाद मिले हक नए सेवा नियम में किसी भी प्रकार का बदलाव किया जाता है तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

**मोहर सिंह सलावद प्रदेश संरक्षक यूजी पीजी समान विषय संघर्ष समिति (राज.)**

## जालोर संत शिरोमणि लिखमीदास जी के जयंती महोत्सव पर भामाशाह व समाज के गोरवो का हुआ सम्मान

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**जालौर।** माली समाज जालौर द्वारा जालौर शहर में संत शिरोमणि लिखमीदास जी महाराज की जयंती महोत्सव के दौरान समाज गौरव व भामाशाहो के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माली समाज सम्मान कार्यक्रम में कार्यक्रम में सहयोग करने वाले भामाशाह, समाज के डॉक्टरगण,समाज के अधिवक्ता गण,समाज के चार्टर्डअकाउंटेंट,समाज के पार्षदगण, प्रशासनिक सेवाओं में कार्यरत आदि समाज बंधुओं का साफा दुपट्टा स्मृति चिन्ह देकर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में प्रकाश परमार रमेश सोलंकी सहित कई वक्ताओं ने उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में समाज के हजारों लोगों ने प्रसादी ली। कार्यक्रम में नगर परिषद सभापति गोविंद टाक आयुक्त महिपाल सिंह ने भी शिरकत की। आयोजन मंडल के विक्रम सोलंकी ने कार्यक्रम में उपस्थित स्वजाति बंधुओं का हृदय की गहराइयों से आभार धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन राजू माली ने किया।

## जिला कलेक्टर निशांत जैन की अध्यक्षता में जिला क्रीड़ा परिषद जालोर की बैठक हुई आयोजित

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**जालोर।** अध्यक्ष जिला क्रीड़ा परिषद एवम जिला कलेक्टर निशांत जैन की अध्यक्षता में जिला क्रीड़ा परिषद जालोर की बैठक हुई आयोजित जिसमे में विभिन्न विचारणीय बिन्दूओ एवम बजट घोषणा की पालना में प्रत्येक ब्लॉक में मेजर ध्यानचंद स्टेडियम की प्रगति के सम्बन्ध में चर्चा की गई राजस्थान राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों की मशाल यात्रा रथ दिनांक 19,20 जुलाई 2022 के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। ग्रामीण ओलम्पिक खेलों के आयोजन 29 अगस्त से 2 अक्टूबर के सम्बन्ध, जिले में खेल गतिविधिया बढाने के सम्बन्ध मे,जिला क्रीड़ा परिषद की आय बढ़ाने के सम्बन्ध में सहित अन्य खेलो के विषय पर विचारविमर्श किया गया बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, प्रेम सिंह भाटी जिला खेल अधिकारी,रतन सिंह सहायक खेल अधिकारी, उपाध्यक्ष शमशेर अली सांचौर, दलपत सिंह आर्य, रानीवाड़ा प्रधान राघवेन्द्र सिंह कृष्ण राज पुरोहित सदस्य,योगेन्द्र सिंह कुंपावत सदस्य, सरोज चौधरी सदस्य, सुल्तान भाटी, रामाराम चौधरी, भवानी सिंह देता, विकास मांजू,सुष्मिता गर्ग, मेहन्द्र सोनगरा सहित सदस्य मौजूद रहे।

## दिव्यांग असक्षम नहीं बल्कि सक्षम है- टीकाराम जूली

### रूरल इलेक्ट्रोफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड आईईसी फाण्डेशन के माध्यम से निशुल्क सहायक उपकरण वितरण समारोह का हुआ आयोजन



◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि अलवर जिले में समाज कल्याण विभाग की ओर से नवाचार सक्षम अलवर अभियान दिव्यांगजनों को एक छत के नीचे सभी सुविधाऐं उपलब्ध कराने का सार्थक प्रयास है। इसी क्रम में शुक्रवार को मुण्डावर क्षेत्र के दिव्यांग साथियों को रूरल इलेक्ट्रोफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड आईईसी फाण्डेशन के माध्यम से निशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि दिव्यांग असक्षम नहीं बल्कि सक्षम है जिनकी प्रतिभा वास्तव में काबिले तारिफ है। उन्होंने कहा कि अलवर सहित पूरे प्रदेश के दिव्यांगों के लिए विशेष शिविरों का आयोजन कर उन्हें राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभाग विशेष रूपरेखा तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने दिव्यांगों के लिए देश का पहला आमटे विश्वविद्यालय शुरू किया है। वहीं दिव्यांगों का आरक्षण तीन से चार प्रतिशत बढ़ा दिया है। साथ ही उनकी पेंशन भी बढ़ाई गई है। दिव्यांगों को किसी भी परेशानी का सामना ना करना पडे इसके लिए उनके परिचय पत्र बनाए गए है। वही ऐसे विद्यार्थियों को सरल भाषा में पढ़ाने के लिए विशेष शिक्षकों की भर्ती भी की जा रही है। इस दौरान अलवर से मुंडावर सड़क मार्ग पर जिंदोली सुरंग, मुंडावर,श्योपुर मोड़,, बेरोज मोड पर ग्रामीणों की ओर से मंत्री जूली का चांदी का मुकुट व साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया. इस अवसर पर पीसीसी सदस्य ललित यादव, जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, गोपीचंद शर्मा, संजीव बारेठ, के.जी. कौशिक, गंगाराम पटेल, कीमतराय शर्मा, डॉ. गौरव यादव, बाबूलाल, रोहताश चौधरी, रिंकु चौधरी, योगेश मेहता, मोहन, अशोक पटेल, हरिश पटेल, रामस्नेही शर्मा, रजत यादव सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## परमाणु नगरी पोकरण की जनता ने जो प्यार दिया वह हमेशा याद रहेगा :-बंटी राजपूत

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**रामदेवरा।** स्थानीय पूनम पैलेस होटल में पोकरण की तहसीलदार बंटी राजपूत का स्थानांतरण पोकरण से जयपुर जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर में हो जाने पर शुक्रवार को ग्राम वासियों जनप्रतिनिधियों सहित अन्य लोगों के द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई ।इस पर भावुक होते हुए तहसीलदार बंटी राजपूत ने कहा कि 2 साल का कार्यकाल बहुत ही अच्छा रहा ।बाबा रामदेव की पावन नगरी व परमाणु नगरी पोकरण की जनता ने जो मुझे बेटी की तरह प्यार दिया उसे मैं आजीवन भूल नहीं पाऊंगी। जनता के हितों से जुड़े हुए सभी कार्यो को मैंने प्राथमिकता के साथ पूरा करने का प्रयास किया मगर फिर भी किसी कार्य को करने में विलंब हो गया हो देरी हो गई हो तो उसके लिए मैं यहां के लोगों से क्षमा मांगती हूं ।नवनियुक्त पोकरण के तहसीलदार रणछोड़ राम सोलंकी का भी स्थानीय पूनम पैलेस होटल में गर्मजोशी के साथ माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया । उन्होंने कहा कि मुझे बाबा रामदेव की पावन नगरी व पोकरण में काम करने का अवसर मिला है इसे मैं पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी के साथ कार्य करने का प्रयास करूंगा। जनता के हितों से जुड़े हुए सभी कार्य प्राथमिकता के साथ मेरे द्वारा पूरे करवाए जाएंगे। इस अवसर पर व्यापार संघ अध्यक्ष आशु सिंह तंवर, कांग्रेस नेता मूलाराम कुमावत ,रावत सिंह तवर, अभय सिंह तवर, पूनम प्रकाश खत्री, गुमाना राम नाई, रसीद खान, डॉ भूमेश खत्री , आर आई भीखा राम चौधरी, नाथूराम वानर सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम वासियों की तरफ से निवर्तमान तहसीलदार बंटी राजपूत को स्मृति सिंहा का स्वरूप बाबा रामदेव की प्रतिमा भेंट की गई।

## गुमशुदा बगदाराम मेघवाल प्रकरण में भीण्डर के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक पाली को ज्ञापन दिया



◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**रोहट।** उपखण्ड के कुलथाना ग्राम पंचायत के भीण्डर गांव में गुमसुदा बगदाराम मेघवाल प्रकरण को लेकर ग्रामीणों ने बैठक की ग्रामीणों ने 14 दिन से लापता बगदाराम के नही मिलने पर चिंता जताते हुए अतिशीघ्र कार्यवाही के लिए आज 15 जुलाई को जिला कलेक्टर पाली व पुलिस अधीक्षक पाली को ज्ञापन दिया तथा शीघ्र कार्यवाही कर खुलासा करने की मांग की गई इस दौरान जिस पर सक था वो भी पुलिस अधीक्षक महोदय को अवगत करवाया गया दौरान पुलिस प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए अवगत कराया की अगर दो दिन के अंदर त्वरित पुलिस कार्रवाई नहीं करती है तो जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर समस्त ग्राम वासी व पूरा परिवार हड़ताल पर बैठेगा। इस अवसर रोहट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बलॉक अध्यक्ष मंगलाराम पटेल भीण्डर, भारतीय किसान यूनियन टिकेट के जिला अध्यक्ष, मदन सिंह जी जग्रवाल, कुलथाना सरपंच, प्रतिनिधि अमराराम बॉस, जेतपुर सरपंच प्रकाश मेगवाल, सामजिक कार्यकर्ता, दीपक बामनिया, गाडोलिया समाज के वरिष्ठ नेता धनराज लोहार रामपुरा सरवन जी उंदरा, ढलाराम मेघवाल बिंजा, लसाराम मेगवाल भिंडर, सहित 36 कोम के सैकड़ो लोग मौजूद रहे ।

## अनूठी पहल -मृत्यु भोज बंद कर शिक्षा के लिए दान किए 5,31,000 रूपये

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**आहोर।** आहोर उपखण्ड क्षेत्र के रामा गांव में शिक्षा प्रेमी, समाज सेवी, रामा के पूर्व सरपंच स्व श्री लालाराम जी पटेल की स्मृति मे उनके पुत्र जगदीश पटेल, पोत्र रोशन पटेल सहित परिवार वालो ने मृत्यु भोज बंद कर शिक्षा के लिए महाराज श्री राजाराम शिक्षण संस्थान, पालरोङ, जोधपुर को महंत श्री दयाराम जी महाराज की उपस्थिति व सानिध्य मे 5,31,000 रूपये दान संस्थान अध्यक्ष सवाराम पटेल, उपाध्यक्ष पुखराज पटेल,कार्यकारिणी सदस्य चेनाराम पटेल को चैक दिया। शोक सभा में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए महन्त श्री दयाराम जी महाराज ने कहाँ कि राजस्थान शिक्षा में पिछड़ा हुआ है प्रत्येक समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता है मृत्यु भोज बंद करें, नशा मुक्त समाज हो , फैशन व व्यसन से युवा पीढ़ी दूर रहे । कांग्रेस नेता व महाराज श्री राजाराम शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष सवाराम पटेल ने कहा कि स्वर्गीय लालाराम जी की इच्छा थी कि संस्थान आगे बढ़े , चौधरी समाज में विशेष रूप से लड़कियाँ शिक्षित हों , उन्होंने अपने जीवन काल में जालोर , आहोर में छात्रावास खोलने, जोधपुर संस्थान के साथ शिकारपुरा आश्रम में हमेशा तन, मन ओर धन से मदद की है आज उनके पुत्र जगदीश पटेल , पोत्र रोशन पटेल व परिवार वालों शिक्षा के लिये दान दिया उनका बहुत बहुत आभार , लालाराम जी के पुत्र जगदीश पटेल ने कहा कि मेरे पिताजी सभी समाजों में फैली कुरीतियों के विरोधी थे आज उनकी भावनाओं के अनुसार हमारे परिवार ने मृत्यु भोज नही किया ओर शिक्षा के लिये समाज की संस्थान को पिताजी की स्मृति में चेक दिया है जिससे प्रत्येक समाजो को प्रेरणा मिलेगी ।इसके लिए संस्थान की ओर से उक्त परिवार का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

# गुरूज्योति पत्रिका

## SOCIAL MEDIA LINK

| | |
|---|---|
| ❖ WhatsApp News Group | Join Now |
| ❖ WhatsApp E-Paper | click here |
| ❖ Telegram | click here |
| ❖ Facebook | click here |
| ❖ Instagram | click here |
| ❖ Twitter | click here |
| ❖ YouTube | click here |
| ❖ Send News | click here |
| ❖ Website | Visit Now |
| ❖ E-paper site | click here |
| ❖ Google Play App | Download Now |

## सम्पादकीय

### एहतियात की खुराक

देशव्यापी टीकाकरण ने कोरोना की रोकथाम में एक बड़ी भूमिका निभाई है। इसमें संदेह नहीं कि फिलहाल कोरोना विषाणु के संक्रमण का जोर कम है, लेकिन रह-रह कर इसके बहुरूपों के फैलने की खबरें आती रहती हैं। अक्सर ऐसा हुआ है जब आम लोगों ने अपने स्तर पर लापरवाही बरती तो उसके नतीजे में संक्रमण के मामलों में तेजी आ गई। हालांकि इससे बचाव के लिए सरकार की ओर से किए गए तमाम उपायों के साथ-साथ देशव्यापी टीकाकरण ने कोरोना की रोकथाम में एक बड़ी भूमिका निभाई है, मगर बड़ी चुनौती यह है कि अगर इस महामारी से राहत के हालात को कायम रखना है तो उसके लिए हर स्तर पर चौकसी बनाए रखी जाए। इस लिहाज से देखें तो सरकार ने टीकाकरण के मोर्चे पर ठोस नतीजे देने वाला काम किया है, जिसके तहत व्यापक पैमाने पर लोगों को टीके की दो खुराक लगाई गई। यह उपाय कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए पूर्व सावधानी के तौर पर उठाए गए अन्य कदमों के अलावा एक सबसे कारगर उपाय रहा। इसके बाद यह देखा गया कि देश भर में कोरोना के संक्रमण के मामलों में कमी आई। अब सरकार ने घोषणा की है कि अठारह से उनसठ साल के आयुवर्ग वालों को एहतियाती खुराक दी जाएगी। इसकी खास बात यह है कि सरकार ने इस बार टीकों की खुराक मुफ्त देने का फैसला किया है। एहतियाती टीका देने का पचहत्तर दिनों का यह विशेष अभियान आज से शुरू होगा, जिसके तहत सरकारी केंद्रों पर अतिरिक्त खुराक लेने के लिए लोगों को कोई पैसा नहीं चुकाना होगा। कोरोना विषाणु की अब तक जैसी प्रकृति देखी गई है, उसमें दुनिया भर के विशेषज्ञों ने यही बताया है कि इससे संक्रमित व्यक्ति के इलाज के दौरान जिस तरह की जटिलता देखी गई है, उसमें सबसे बेहतर यही है कि विषाणु के संक्रमण से बचाव के तरीके अपनाए जाएं। इसमें अन्य तरीकों के मुकाबले टीकाकरण को सबसे कारगर उपाय बताया गया है। यों शुरुआत में दो खुराक को कोरोना विषाणु के संक्रमण की रोकथाम के लिए पर्याप्त बताया गया था, लेकिन वक्त के साथ इसके बहुरूपों ने हालात को जटिल बनाया है। आज भी देश के कुछ हिस्सों में अचानक ही संक्रमण की रफ्तार में बढ़ोतरी हो जाती है। शायद यही वजह है कि सरकार ने अब इसके टीकों की दो खुराक के बाद कोरोना पर काबू पाने के मकसद से एहतियाती खुराक को और विस्तारित रूप में देने का फैसला किया है।

**संतोष चन्द्र, प्रधान संपादक (गुरुज्योति पत्रिका)**

# राजीविका के तहत बने स्वय सहायता समूह से जुड़कर स्वरोजगार व आत्मनिर्भर बनकर जीवन स्तर को उचा उठाने का प्रयास करना चाहिए-डॉ जगदीश गुर्जर

### रायपुर गणपति भवन में सीएलएफ़ का उद्घाटन समारोह का हुआ आयोजन

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**बर मारवाड़।** रायपुर ब्लाक में राजस्थान राजीविका विकास परिषद के तत्वावधान मे उपखण्ड प्रेरणा राजीविका क्लस्टर संगठन उद्घाटन व आम सभा का आयोजन रायपुर ग्राम में गणपति भवन में हुआ। जिसमें 195 समूह की महिलाओ ने भाग लिया। वही वर्तमान तकनीक युग मे महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम से महिलाओ मे अपना अधिकारो के प्रति जागरूकता आई है। कार्यक्रम में पहुँचे रायपुर विकास अधिकारी डॉ जगदीश गुर्जर ने कहा कि महिलाओ का राजीविका के तहत बने स्वय सहायता समूह से जुडकर स्वरोजगार व आत्मनिर्भर बनकर जीवन स्तर को उचा उठाने का प्रयास करना चाहिए । रायपुर ब्लाक के बर क्लस्टर के ग्रामीण विकास व पंचायतीराज विभाग राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद के तत्वावधान मे प्रेरणा राजीविका महिला सर्वांगीण विकास सहकारी सीमित लिमिटेड का कार्यक्रम की अध्यक्षता सुशिला देवी ने की । सेदडा सरपंच रतन सिंह भाटी ने आजीविका के बारे मे बताया । सामाजिक कार्यकर्ता शीतल कुमारी ने महिलाओ को राजीविका की जानकारी के साथ साथ शिक्षा को बढ़ावा देने को लेकर बल दिया। जिले से परियोजना के डीएम नरेन्द्र ओजवी डीएमएफआई पृथ्वीराज के द्वारा आजीविका योजनाओं की जानकारी दी । ब्लॉक परियोजना प्रबंधक गुलफाम पठान ने ब्लाक की प्रगति प्रतिवेदन व आजीविका का परिचय दिया । क्लस्टर प्रभारी भगवान सिंह रावत ने बताया की समारोह मे 10 ग्राम पंचायत की महिलाओं ने भाग लिया । जिसमे 23 गाँव 195 स्वय सहायता समूह की 1500 महिलाओ ने भाग लिया । प्रेरणा सीआईएफ अध्यक्ष आशा देवी,सचिव टिना कंवर, कोषाध्यक्ष ज्योति,उपाध्यक्ष अमिना बानू व लेखापाल लछमी देवी उपस्थित रहे । मौके पर पिपलिया क्लस्टर स्टाफ व रायपुर ब्लाक स्टाफ विनोद रावत, चेतराम प्रजापत, रविना, ममता प्रजापत आरपीआरपी,पिन्टू देवी, विरेन्द्र ,महेन्द्र मेहरा,लक्ष्मण जाट,आशा ,फेमिना, अंजू ,मंजू, राधा, ललिता, गायत्री शोभा, पुनम, प्रियंका, पूजा, सुमन ,मारवाड़ ब्लॉक से आरपीआरपी रामलाल, चंद्रा, राधा, सुमन, गुड्डी रावत जैतारण आरपी आरपी, संतोष चौहान केसरपुरा,सुशीला रामगढ़, बर क्लस्टर से सभी महिलाए उपस्थित रहे।

### पैराफेरी का ग्राम पंचायतों ने किया विरोध, दिया ज्ञापन

# सिवायचक व सरकारी भूमि पर ग्राम पंचायत का हक, नगरपालिका को नही दे - सरपंच

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**देसूरी।** देसूरी पंचायत समिति की चार ग्राम पंचायत गुडा जाटान,मांडीगढ़,मादा व मोरखा के सरपंचों ने तहसीलदार कैलाश इनानिया को ज्ञापन देकर पैराफैरी के तहत पंचायतों के अधीनस्थ आने वाली सिवायचक व सरकारी भूमि के नगरपालिका को हस्तांतरित किये जाने का विरोध जताया। शुक्रवार को सरपंचों ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर बताया कि ग्राम पंचायतो की सिवायचक भूमि एवं राजकीय भूमि को नगरपालिका को हस्तांतरित की जा रही है। मगर यह भूमि वर्षो से ही ग्रामीण विकास विभाग के अंदर आती है। इसलिए हमारे क्षेत्राधिकार वाली भूमि को नगरपालिका को नही दी जाये। ज्ञापन में उल्लेखनीय है कि तहसीलदार के पत्र क्रमांक 12(3) राज/21/3493 प्राप्त हुआ।जिसमें हमारी पंचायतों की सरकारी भूमि क्षेत्र को नगरपालिका सादड़ी पैराफैरी में लेना बताया है। लेकिन वर्तमान में सादड़ी नगरपालिका स्वंतत्र है व हमारी ग्राम पंचायत स्वतंत्र कार्य कर रही है। जबकि नगरपालिका स्वायत शासन के अधीनस्थ कार्य कर रही है। दोनों विभागों के नियम अलग-अलग है। भूमि हस्तांरण करने के विरोध में पंचायत में प्रस्ताव भी पारित किए है। सरपंचों ने बताया कि ग्राम पंचायत की भूमि को नगरपालिका को देने पर विकास एवं जनहित कार्यो में बाधा आएगी। क्षेत्र में गरीब मजदूर एवं छोटे किसानों की आबादी होने के कारण हमारी पंचायतों को पैराफैरी में नही लिया जाये। ज्ञापन देने के दौरान गुडा जाटान सरपंच घीसुलाल मेघवाल, मांडीगढ़ सरपंच लकमाराम जाट सरपंच प्रतिनिधि उम्मेदसिंह मोरखा,वक्तावरमल सुथार मादा एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# ब्लॉक निष्पादन समिति की समीक्षा बैठक में प्रवेशोत्सव एवं नामांकन वृद्धि

### विद्यालय में प्रवेश के दौरान नामांकन वर्दी पर जोड़ देना आवश्यक - उपखंड अधिकारी

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**चाकसू।** कस्बे स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर एक में उपखंड अधिकारी चाकसू श्री अशोक कुमार अध्यक्षता में ब्लॉक निष्पादन समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया बैठक को संबोधित करते हुए उपखंड अधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में प्रवेशोत्सव के दौरान नामांकन वृद्धि पर जोर देना आवश्यक है उन्होंने हरित राजस्थान को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक विद्यालय में वृक्षारोपण करने की आवश्यकता है इस अवसर पर चाकसू ब्लॉक के समस्त पी ई ई / यू सी ई ई ओ उपस्थित हुए मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हनुमान सहाय मीणा ने कहा कि नव प्रवेश इस बालकों की एंट्री शाला दर्पण पर भी करना आवश्यक है उन्होंने हाउसहोल्ड सर्वे इंस्पायर अवार्ड इत्यादि की जानकारी दी मीटिंग में समसा अवशेष राशि को सिंगल नोडल अकाउंट में जमा कराने हेतु निर्देश दिए छात्रों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण उनके जन आधार वेरिफिकेशन एवं ब्लॉक रैंकिंग पर भी चर्चा की गई कार्यक्रम में नोडल प्रधानाचार्य रामलाल मीणा ने विद्यालय रखरखाव एवं साफ-सफाई पर बल दिया अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद मीणा एवं अशोक कुमार तथा संदर्भ व्यक्ति सुभाष चंद्र चौधरी ताराचंद गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किए समस्त पी ई ई ओ ने ब्लॉक रैंकिंग बढ़ाने हेतु विद्यालय स्तर पर शाला दर्पण पर संपूर्ण एंट्री करने का भरोसा दिलाया।

## महिलाओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर



**गुरूज्योति पत्रिका/अलवर।** भिवाड़ी पुलिस की कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट (सीपीयू) व मानव तस्करी विरोधी यूनिट (एएचटीयू) द्वारा शुक्रवार को GRACURE Pharma ceutical LTD भिवाड़ी में महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। भिवाड़ी पुलिस की महिला प्रशिक्षक मोनू व कविता ने कंपनी में कार्यरत महिला कार्मिकों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए तथा महिला एवं बाल अधिकारों की जानकारी दी गई। बालिकाओं व महिला पुलिसकर्मियों तथा क्षेत्र की महिलाओं ने इस तरह के प्रशिक्षण व शिविर को सराहा। सीपीयू स्टाफ, एएचटीयू स्टाफ, कुशाल सिंह थानाधिकारी यूआईटी फैज थर्ड व कम्पनी का स्टाफ उपस्थित रहा।

## अलवर जिले में 9 अगस्त से 16 अगस्त तक हर घर झण्डा कार्यक्रम का होगा आयोजित

**गुरूज्योति पत्रिका/अलवर।** आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिले में 9 अगस्त से 16 अगस्त तक हर घर झंडा कार्यक्रम आयोजित होगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय सुश्री वंदना खोरवाल ने बताया कि हर घर झण्डा कार्यक्रम के अन्तर्गत तिरंगा रैली, तिरंगा चित्रा प्रतियोगिता, पोस्टर, बैनर वितरण, रिकार्डेड संदेश एवं जिंगल्स का गायन, लेखन प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक का आयोजन, एक नियत दिवस पर जिले के समस्त सरकारी, गैर सरकारी विद्यालयों, निजी संस्थानों, निजी आवास और कार्यालयों आदि में तिरंगा फहराये जाने तथा सोशल मीडिया पर विभिन्न प्रतियोगिता आदि का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आजादी के अमृत महोत्सव के आयोजन की श्रृंखला में हर घर झण्डा कार्यक्रम कराये जाने की व्यवस्था करावे। साथ ही सुनिश्चित किया जावे कि प्लास्टिक के झण्डों का उपयोग नहीं किया जावे।

## हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत छाजा की नांगल में किया वृक्षारोपण



**गुरूज्योति पत्रिका/पाटन।** हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत पंचायत समिति पाटन के विकास अधिकारी राजूराम के आह्वान पर प्रत्येक पंचायत को 500 पेड़ लगाने के लक्ष्य के तहत विधायक सुरेश मोदी, प्रधान सुवा लाल सैनी, पंचायत समिति सदस्य कांता प्रसाद शर्मा के द्वारा अभियान का शुभारंभ किया। अभियान के तहत ग्राम पंचायत छाजा की नांगल में भी वृक्षारोपण किया गया। सरपंच सुनील महरडा ने बताया कि पंचायत के राजस्व ग्राम बोपिया के कबीर आश्रम व छाजा की नांगल के खेल मैदान में वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत पेड़ लगाए गए। महरडा ने पेड़ों के महत्व को बताते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार है। कोरोना काल में पेड़ों के महत्त्व को सभी ने समझा । इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी महेश मीणा,प्रधानाचार्य विवेक जांगिड, पंचायत समिति सदस्य सुरेंद्र कुमार, राजेंद्र यादव, लीलाराम यादव, प्रधान सुवालाल सैनी भरत नाथ महाराज ,भागीरथ यादव, सतपाल वाल्मीकि,ओम प्रकाश गुर्जर, हंसराज गुर्जर, राकेश यादव, संजय यादव, गजराज यादव व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तरीय पीईईओ की कार्य शाला का हुआ आयोजन

### स्वच्छ विद्यालय स्वच्छ विद्यालय कार्यक्रम आयोजित करने की दीं जानकारी

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**रानी।** स्वच्छ विद्यालय स्वच्छ विद्यालय कार्यक्रम को लेकर रानी उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह के निर्देशानुसार रानी पंचायत समिति सभागार में ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भवानी सिंह राजावत, एसीबीईओ प्रेमकुमार, डॉ हडमत परमार ने जिसमें समस्त पीईईओ को अपने विद्यालय में स्वच्छ विद्यालय स्वच्छ विद्यालय कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने एवं विधालय को स्वच्छ रखने के लिए दो चरणों में कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भवानी सिंह राजावत, एसीबीइओ प्रेम कुमार, डॉ हडमत परमार, पीईईओ रानी कलां महेंद्र सिंह, इटंदरा चारणान नारायण लाल नगारसी, मांडल शेषाराम, बालराई परवत सिंह,कीरवा राकेश बाबू यादव, खौड शांती चौहान, चाचोडी मांगीलाल सोनल, इटंदरा मेडतियान जगदीश चन्द्र,बूसी नेनाराम घांची, जवाली आशा दहिया,नादाना भाटान राजेश झालानी, निबाडा गजेंद्र दवे, भादर लाऊं महावीर सिंह,सालरिया सैयद अजहर हुसैन,ढारिया योगेश सिंह राठौड़ आदि उपस्थित रहे।

# सरथुर में बरसात होते ही टूटी मॉडल तालाब की सुरक्षा दीवार, ग्रामीणों ने घटिया निर्माण सामग्री का लगाया आरोप

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**देसूरी।** पंचायत समिति देसूरी के बडौद ग्राम पंचायत में सरथुर गांव में हाल ही बनी मॉडल तालाब की सुरक्षा दीवार टूटने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि घटिया निर्माण सामग्री व लापरवाही बरतने के कारण मॉडल तालाब की सुरक्षा दीवार ढही है। ज्ञातव्य है कि मामाजी नाड़ी सरथुर का मॉडल तालाब के रूप में ग्राम पंचायत की ओर से मनरेगा के तहत कार्य करवाया जा रहा है। इसके लिए करीब 29लाख रूपए मनरेगा में स्वीकृत हुए।जिसमे खुदाई,घाट निर्माण,सुरक्षा दीवार इत्यादि कार्य सम्मिलित है। जानकारी के अनुसार करीब 700 फिट सुरक्षा दीवार बनाई गई। जिसका कार्य हाल ही में पूरा हुआ है।इसी दीवार का करीब 20 फिट हिस्सा टूट गया। तालाब पानी से भरने से पहले ही सुरक्षा दीवार ढह जाने पर ग्रामीण आक्रोशित है। तालाब की सुरक्षा करने वाली दीवार के अचानक टूटने पर ग्रामीणों ने सामग्री की जांच करने की मांग बुलंद की है। गौरतलब है कि सरकार गांवो के परम्परागत जल स्त्रोतों की सूरत संवारने के लिए मॉडल तालाब बनवा रही है। मगर लाखों रूपये खर्च होने के बावजूद घटिया निर्माण सामग्री उपयोग में ली जा ही है। ऐसे में सरकार को बड़ा नुकसान हो रहा है।

# भारतीय जनता पार्टी के गुडा बालोतान मंडल कार्यसमिति की बैठक जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह राव की अध्यक्षता में आयोजित हुई

गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**आहोर।** आहोर उपखण्ड क्षेत्र के उम्मेदपुर कस्बे के निकटवर्ती नेशनल हाईवे 325पर स्थित अभयधाम बेदाना में आशापुरा माताजी मंदिर परिसर में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी गुडा बालोतान मंडल कार्य समिति की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव ने संगठनात्मक विषयो पर संवाद किया तथा संगठन के कार्यो के संबंधित दिशानिर्देश दिए। इस बैठक में आहोर विधायक छगनसिंह राज पुरोहित, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री ओटर मल परमार, पूर्व जिला परिषद सदस्य महिपालसिंह चारण ने भी मंच को सम्बोधित किया कार्यक्रम मे पूर्व पंचायत समिति सदस्य भाजपा नेता चन्दन सिंह सुगालिया बालोतान, पूर्व पंचायत समिति सदस्य लोकेन्द्रसिंह बेदाना, परमवीर सिंह भाटी,युवा मोर्चा जिला मंत्री राहुल व्यास हरजी, बंशीलाल सुथार, यूवा भाजपा नेता संजय माली, अम्रत देवासी, गुढ़ा बालोतान सरपंच दीपक मेघवाल, उगमसिंह, हरिशंकर रावल, वीरचंद खत्री ,सुरेश पुरोहित, भूरसिंह, पहाड़सिंह , मदन दास, सम्पत सोमपुरा, छोगाराम चौधरी वागा राम कन्हैया लाल माली, प्रकाश व्यास, धीरेन्द्रसिंह ,सोना राम, वीरेंद्रसिंह, जयंती लाल अजय सिंह लक्ष्मण सिंह गजेंद्र सिंह नरेश देवासी सहित जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष , मंडल महामंत्री , मंडल प्रभारी भाजपा के वरिष्ठ नेता शक्ति केंद्र संयोजक बूथ अध्यक्ष कार्यकारिणी एवं अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आरपीएफ की रैली रामदेवरा रेलवे स्टेशन पंहुची




गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**रामदेवरा।** देश की आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन देश भर में किया जा रहा है। इसी के तहत रेलवे प्रशासन की तरफ से आरपीएफ की एक रैली रामदेवरा रेलवे स्टेशन पर पहुंची। जिसका रामदेवरा रेलवे स्टेशन पर कार्यरत कर्मचारियों ने रैली का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। आरपीएफ के रैली प्रभारी बलबीर सिंह ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत आरपीएससी यह रैली 1 जुलाई को जयपुर से रवाना हुई थी। वह विभिन्न स्टेशनों पर रुकती हुई आज शुक्रवार को रामदेवरा रेलवे स्टेशन पर पंहुची। आरपीफ़ की रैली में प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसके माध्यम से स्थानीय लोगों सहित ट्रेन में सफर करने वाले मुसाफिरों को भी देश की आजादी के संबंध में जिन्होंने अपनी तरफ से जी जान लगाकर देश की आजादी में जो योगदान दिया उसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस रैली में 929 किलोमीटर का लंबा सफर तय करते हुए बीच रास्ते में 75 रेलवे स्टेशनों पर अलग-अलग प्रदर्शनी लगाकर लोगों में देश सेवा का संचार करने युवाओं में जोश भरने का संदेश दिया। वही लोगों को विविध प्रकार की जानकारी भी दी ।समाज सेवा सहित देश सेवा करने के लिए लोग आगे आए वह अपनी अपनी भूमिका अवश्य निभाए। इस अवसर पर रेलवे स्टेशन परिसर पर विशेष रूप से प्रदर्शनी लगाई जिसे देखने के लिए स्थानीय लोग सहित अन्य लोग भी पहुंचे ।रामदेवरा रेलवे स्टेशन प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि रैली का स्वागत किया गया आजादी के अमृत महोत्सव के तहत विभिन्न स्थानों से होती हुई रैली आज रामदेवरा पहुंची। इस अवसर पर नारायण सिंह दयाराम रामेश्वर सहित अन्य रेलवे स्टाफ सहित अन्य ग्रामवासी थे।

# पुनावा उप स्वास्थ्य केन्द्र का समारोह पूर्वक प्रारम्भ

### चिकित्सा एवं आबकारी मंत्री ने किया उद्घाटन

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**सिलदर/सिरोही।** सिलदर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अन्तर्गत पुनावा उप स्वास्थ्य केन्द्र का समारोह पूर्वक उद्घाटन चिकित्सा एवं आबकारी मंत्री परसादी लाल मीणा की अध्यक्षता,सिरोही विधायक संयम लोढ़ा एवं जिला कलेक्टर डॉ. भंवरलाल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। मंत्री परदेसी लाल मीणा एवं विधायक संयम लोढ़ा के आगमन पर ग्राम वासियों द्वारा स्वागत गीत गाकर स्वागत किया। तत्पश्चात चिकित्सा मंत्री परदेसी लाल मीणा एवं विधायक संयम लोढ़ा जिलाधीश डॉ.भंवरलाल का साफा एवं फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। जिलाधीश डा.भंवरलाल ने राज्य सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं पर प्रकाश डालते हुये आमजन को इसका लाभ लेने का आह्वान किया। विधायक संयम लोढ़ा ने अपनी चिपरिचित शैली में महिलाओं से कहा कि हर विकास के काम में आपकी भागीदारी सर्वोपरि है।उन्होने अपने द्वारा किये गये विकास कार्यों पर कहा कि मैने जिसने जो मांगा वह दिया है और आगे भी विकास के कार्य करता रहुंगा। मंत्री परसादी लाल मीणा ने अपने भाषण में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य में हर क्षेत्र में विकास हुआ है जिसमें स्वास्थ्य,शिक्षा,सड़कें मुख्य है। मंत्री परसादी लाल से आशा सहयोगिनियों ने स्थायी करने की मांग की। इसके पुर्व भूमि दान करने वाले दान दाता भंवरदान,दशरथ दान गोदी पुत्र दशरथ दान एवं जल व्यवस्था हेतु नलकूप के लिये शक्तिमान का सम्मान मंत्री परसादी लाल मीणा ने साफा पहना कर किया।

### स्कूली छात्र ने की शराबबंदी की मांग

मंत्री एवं विधायक जैसे ही मंच से नीचे उतरे एक स्कूली छात्र ने हाथ जोड कर शराब बंद करने की मांग की तो मंत्री परसादी लाल ने पुछा क्या आपके पिताजी शराब पिते है तो छात्र ने कहा हा पिते है। इस अवसर पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.राजेश कुमार,ब्लाक मुख्य चिकित्सा अधिकारी विवेक जोशी, डॉ निहाल सिंह मीणा,सरपंच धरोपीदेवी सरपंच, दौलतदान उपसरपंच ,जीव दान चारण जिलाध्यक्ष नर्सेज सिरोही, खेताराम माली, दरजा राम, प्रकाश पुरोहित गोमाराम देवासी सिलदर ,मीठालाल भील प्रभु सिंह सिरोही, रंजीत सिंह चारण, जगति दान, चेनपुरी महाराज, ईश्वर दान , इन्द्रदान, शैतान दान , थान दान, मुसाखान, खंगारााराम, शंभुदान, सूरज दान, बाबू राम कलबी, हर नाथ राम ,बाबू राम चौधरी , मंच संचालन सुरेश जुगनू ने किया, सैकडों पुरुष महिलाऐं उपस्थित थी।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूम धाम से मनाया

**गुरूज्योति पत्रिका/मोदरान।** मोदरान स्थित श्री ब्राह्मण स्वर्णकार समाज के आराध्य गुरुदेव अणदारामजी धाम मोदरान मे श्री अणदेश्वर वाटिका परिसर मे षष्ठम गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम धुमधाम से आयोजित हुआ। बुधवार दिनांक 13/7/2022 को प्रातः गुरु पूजन एवं महाआरती की गई, पूरे दिन मंदिर मे समाजबंधुओं का तांता लगा रहा, मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं ने गुरुदेव के दर्शन पूजन कर समाज मे खुशहाली की कामना की एवं भोजन प्रसाद ग्रहण किया। शाम को वाटिका परिसर मे 7 से 8 हजार समाजबंधु सपरिवार उपस्थित रहे एवं भोजन प्रसाद ग्रहण किया, रात्रि मे विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ, भजन गायक संत कन्हैयालाल, अंकुश माली, मधुबाला राव ने गुरु वन्दना एवं शानदार भजनों की प्रस्तुति दी, गायक संत कन्हैयालाल ने अणदारामजी का प्रसिद्ध भजन सतगुरु आया पावणा, केड़ी केड़ी महिमा कीजे...सहित गुरु महिमा के भजन गाये, नृत्यांगना नूतन गहलोत, दीपिका राव द्वारा शानदार नृत्य पेश किये साथ ही राहुल राजस्थानी ने काली, दुर्गा की झांकियां एवं भवाई नृत्य पेश किया। अगले वर्ष के कार्यक्रम के लिए चढ़ावों की बोलियां बोली एवं इस वर्ष के चढ़ावा लाभार्थियों का साफा, स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण कर बहुमान किया गया, कार्यक्रम रात भर जारी रहा।

## स्काउट गाइड का वार्षिक अधिवेशन समारोह 20 जुलाई को भीनमाल में, निजी व राजकीय शिक्षक-विद्यार्थियों में भारी उत्साह

**गुरूज्योति पत्रिका/भीनमाल।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ भीनमाल द्वारा स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पीछे सभागार परिसर मे आयोजित होने वाले वार्षिक अधिवेशन समारोह भीनमाल व बागोडा ब्लॉक के सभी शाला के संस्था प्रधान शिरकत करेंगे द्य राज्य सरकार व शिक्षा विभाग की आदेशानुसार मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर जिले भर में समस्त निजी व राजकीय विद्यालयों में सह शैक्षिक स्काउट की गतिविधियों का संचालन अति आवश्यक है इस हेतु आगामी 20 जुलाई को सुबह 10 बजे समस्त संस्था प्रधान दो वर्ष की बकाया निर्धारित कोटा मनी व स्टीकर राशि के नकद या चेक के साथ आवश्यक रूप से उपस्थित रहेंगे द्य राजकीय व निजी विद्यालय मे प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक,उच्च माध्यमिक, बालिका, महात्मा गांधी विद्यालय के संस्था प्रधान उपस्थित होंगे द्य साथ ही शाला में स्काउट प्रशिक्षण प्राप्त स्काउटर गाइडर शिक्षक की सूची व जिस विद्यालयों में स्काउट इको क्लब की प्राप्त राशि हुई है उन्हे मासिक गतिविधि रिपोर्ट के साथ उपस्थित रहेंगेद्य अधिवेशन समारोह मे प्रशासनिक अधिकारी, जिले के विभागीय अधिकारीयों सहित संस्था प्रधान शिक्षाविद् स्काउटर गाइडर जानकारी प्रदान करेंगे।

## श्री कृष्णा विद्या निकेतन विद्यालय हसामपुर के विद्यार्थी देवनारायण योजना में हुए चयनित



**गुरूज्योति पत्रिका/पाटन।** तहसील के निकटवर्ती ग्राम हसामपुर के श्री कृष्णा विद्या निकेतन विद्यालय के आठ विद्यार्थियों का देवनारायण योजना में चयन हुआ है। संस्था के संचालक संजय आर्य ने बताया कि विद्यालय से अमन आर्य, राकेश धानका, राजेश धानका, निशा गुर्जर ,गायत्री गुर्जर, तानिया, मानवी आर्य ,नीतू गुर्जर का योजना में चयन हुआ है। आर्य ने बताया कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर पूरा ध्यान दिया जाता है। विद्यार्थियों के चयन पर अभिभावकों ने एवं ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की। छात्र- छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय संचालक संजय आर्य ,व्यवस्थापक सुरेंद्र मीणा, प्रधानाध्यापक मुकेश आर्य व गुरुजनों को दिया।

## भीम आर्मी ने किया कार्यकारिणी का विस्तार



**गुरूज्योति पत्रिका/सीकर।** सीकर जिले के नीम का थाना तहसील के दीपावास में भीम आर्मी की मीटिंग की गई। जिसमे अध्यक्षता भीम आर्मी जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह ने की और मुख्य वक्ता भीम आर्मी जिला प्रभारी रणजीत सिंह सेहरावत ने की। भीम आर्मी का विस्तार करते हुए नीम का थाना के तहसील अध्यक्ष हरपाल वर्मा,प्रभारी लीलाराम वर्मा,महासचिव बुधराम ,ओर मीडिया प्रभारी अजय वर्मा को बनाया गया। इस दौरान नेछ्वा महासचिव धर्मपाल बाबर, ताराचंद मेघवाल, रणजीत बोद्ध, चिरंजी लाल, निहालचंद, मनोज, योगेश, मुकेश, नेकीराम, महेश, सुरेंद्र, चेतराम, जितेंद्र, श्रीराम, विक्रम, आदि लोग मौजूद रहे।

## योजना से जोड़ने के दिए गए निर्देशः दाता में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना को लेकर आयोजित हुई बैठक

**गुरूज्योति पत्रिका/सरनाऊ।** मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत दाता गांव के राजीव गांधी सेवा केंद्र में सरनाऊ पंचायत समिति के विकास अधिकारी किसना राम गोदारा की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया था। सरपंच प्रतिनिधि भगराज मांजू ने सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से जुड़कर सभी को लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया तथा शत प्रतिशत लक्ष्य हांसिल करने पर जोर दिया। ग्राम विकास अधिकारी रामप्रसाद मीणा ने बताया कि गांव के ज्यादातर परिवारों का उक्त योजना में बीमा हो चुका है। मीणा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा से संबंधित लाभ लेने वाले परिवार,लघु सीमांत कृषक वर्ग,सरकारी कर्मचारी तथा संविदा कर्मचारियों का बीमा निशुल्क हो गया है। इस दौरान विकास अधिकारी किशनाराम गोदारा ने भी समीक्षा की तथा शीघ्र शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए उपस्थित कार्मिकों को निर्देशित किया। विकास अधिकारी गोदारा ने बताया कि अभियान के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी परिवार जानकारी के अभाव में इस योजना में रजिस्ट्रेशन से वंचित नहीं रहे। अभियान का उद्देश्य सभी प्रदेशवासियों को यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज का लाभ उपलब्ध कराना है ताकि बीमार होने की स्थिति में उन्हें इम्पैनल्ड सरकारी और निजी अस्पतालों में कैशलेस इलाज मिल सके।

# आम आदमी पार्टी का पंचायत संपर्क अभियान का हुआ आगाज

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**राजसमंद।** राजस्थान में आगामी चुनावों को देखते हुए जहां दोनों ही बडी पार्टियां अपने स्तर पर इस चुनावों को जीतने की तैयारियों में जुट गयी हैं। ऐसे में राजस्थान तिसरे विकल्प के तौर पर अपनी पहचान बनाने में जुटी आम आदमी पार्टी राजस्थान में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कैसे पीछे रह सकती है। पार्टी अपने स्तर पर राजस्थान में अपनी पकड मजबूत करने के लिए हर संभव कोशिश में जुट गयी है। उदयपुर में कांग्रेस के चिंतन शिविर के बाद बीजेपी ने भी सिरोही के माउंटआबु में एक ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन किया। और इसी कडी में अब आम आदमी पाटी ने शुक्रवार को संगठन को बूध स्तर तक ले जाने के लिए पंचायत संपर्क अभियान का श्रीगणेश राज्यसभा सांसद और पंजाब चुनाव के प्रमुख रणनीतिकार संदीप पाठक ने जयपुर के पिंकसिटी प्रेस क्लब में किया। इस अवसर पर पार्टी के चुनाव प्रभारी विनय मिश्रा ने के मुताबिक पंचायत संपर्क अभियान के लिए संदीप पाठक ने शुक्रवार को 230 कोर्डिनेटर्स को प्रशिक्षण दिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से शुरू हुआ। इस प्रशिक्षण में संभाग, लोकसभा, विधानसभा और ब्लॉक स्तर पर नियुक्त कोर्डिनेटर्स ने हिस्सा लिया। जयपुर में प्रशिक्षण लेने वाले प्रतिभागी अपने अपने इलाकों में जाकर स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण देकर अभियान के लिए कोर्डिनेटर्स की बडी टीम का निर्माण करेंगे। इस दौरान यहां प्रशिक्षार्थियों को एक बुकलेट का वितरण भी किया गया। उनको भरने की प्रक्रिया में ही पार्टी कार्यकर्ता बुथ स्तर तक लोगों को जोडेंगे और अभियान को सफल बनायेंगे। इसके साथ ही पार्टी ने राजस्थान में 11 हजार बैठकों का भी टारगेट बना रखा है जिसके जरिए राजस्थान में पार्टी की पकड को मजबूत किया जायेगा। दिल्ली और पंजाब में अपनी सरकार बना चुकी आम आदमी पार्टी का टारगेट अब राजस्थान में होने वाले विधानसभा चुनाव पर है। जयपुर में शुरू हुए इस अभियान में उदयपुर संभाग प्रभारी तनवीर सिंह कृष्णावत, मीडिया प्रभारी डॉक्टर राजीव पंड्या, मयंक जानी, अमित वर्मा, पप्पू लाल कीर सहित संभाग से बीस से ज्यादा कॉर्डिनेटर्स ने भाग लिया।

# शिक्षक बालक के सर्वांगीण विकास की एक मुख्य धूरी है : विधायक देवल

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**सांचौर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय जालौर द्वारा आयोजित कब एवं स्काउट यूनिट लीटर बेसिक कोर्स आनंदवन गोधाम पथमेड़ा में शिविर के तृतीय दिवस के मुख्य अतिथि नारायण सिंह देवल विधायक रानीवाड़ा, तुलसाराम पुरोहित विकास अधिकारी सांचौर ,नारायण लाल शर्मा गौधाम पथमेड़ा, किरण कुमार माली पूर्व जिला परिषद सदस्य रहे।शिविर संचालक मंडल की तरफ से संचालक छगनलाल लीडर ट्रेनर, शंकर सिंह दहिया लीडर ट्रेनर, उदाराम खिलेरी, धीराराम पुरोहित, मनजीराम राणा, भेमाराम चौधरी, कानाराम पारीक, हरिराम मांजू,राजूराम सारण द्वारा स्कार्फ, मोमेंटो प्रदान कर अतिथि सत्कार किया गया। प्रशिक्षणार्थियों द्वारा स्काउट क्लेपस्, वेलकम क्लेपस् द्वारा अतिथियों का अभिनंदन किया गया।इससे पूर्व विधायक देवल को स्काउट गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कार्यक्रम में विधायक रानीवाड़ा नारायण सिंह देवल ने स्काउट गाइड शिविर का अवलोकन किया ।उन्होंने अपने बचपन के स्काउट गाइड शिविर में माउंट आबू के संस्मरण सुनाए एवं शिविर में संचालित गतिविधियों की प्रशंसा की।स्काउट गाइड आंदोलन की सेवा भावना ,अनुशासन ,समय की पाबंदी, आपसी भाईचारा , भोजन कला आदि के बारे में चर्चा की। स्काउट आंदोलन में अपनी रुचि को प्रकट किया तथा इस आंदोलन की समाज के साथ आवश्यकता को आज के युग में महत्वपूर्ण भूमिका के रूप में माना ।

## जालोर रिजर्व पुलिस लाइन के मुख्यद्वार का पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला द्वारा फीता काटकर किया उदघाटन



◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**जालोर।** रिजर्व पुलिस लाइन के मुख्यद्वार का जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती डॉ. अनुकृति उज्जैनिया, ग्रेनाईट एसोसिएशन जालोर के अध्यक्ष राजू चौधरी द्वारा फीता काटकर उदघाटन किया गया रिजर्व पुलिस लाईन जालोर के मुख्यद्वार के उद्घाटन के दौरान ग्रेनाइट एशोसिएशन अध्यक्ष राजू चौधरी, उपाध्यक्ष तरुण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दामोदर भूतड़ा, सचिव हेमेंद्र भंडारी, सह सचिव चंद्र राम कुमावत, सह सचिव राकेश शर्मा, सह सचिव पारस सुथार अध्यक्ष राजस्थान माइनिंग एसोसिएशन भवानी सिंह धांधिया, उपाध्यक्ष राजस्थान माइनिंग आसोसिएसोन रामनिवास, संजीव चौधरी, हरि सिंह, रामनिवास, रविन्द्र जाखेड़िया, श्रीकांत, नंदकिशोर ,चन्दन सिंह, लोकेश ,कुन्दन सिंह,हरबंश सिंह सहित रिजर्व पुलिस लाइन प्रभारी व पुलिस के जवान मौजूद थे।

# विश्व युवा कौशल दिवस का किया आयोजन

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**दातारामगढ़।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान द्वारा गुरुकुल शिक्षण संस्थान दांतारामगढ़ में विश्व युवा कौशल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन कर विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया। संस्थान के निदेशक गोपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि किसी भी देश या संस्कृति की उन्नति में युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है। देश तभी उन्नति करेगा जब देश के युवाओं की उसमें भागीदारी होगी। युवाओं को कौशल विकास और इसके लाभ के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष 15 जुलाई को इसे पूरे विश्व में मनाया जाता है तथा युवा व्यावसायिक प्रशिक्षण से आत्मनिर्भर बने। जब युवा स्वयं आत्मनिर्भर होगा तो देश की उन्नति अपने आप ही हो जाएगी। संस्थान की फील्ड कोर्डिनेटर बबीता ने बताया कि युवाओं को अपने अंदर छिपी प्रतिभा को पहचान कर अपने कौशल का विकास करते हुए सब लोग स्वरोजगार से जुड़े। सनराइज कंप्यूटर सेंटर के अनुदेशक बलराम कुमावत ने बताया कि सरकार द्वारा संस्थानों के माध्यम से अनेक प्रकार के व्यावसायिक प्रशिक्षण संचालित किए जा रहे हैं ताकि युवा व्यावसायिक प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बन सकें। युवा ही देश की नींव होता है। कार्यक्रम में संस्थान का पूरा स्टाफ, गुरुकुल शिक्षण संस्थान के निदेशक सुभाष यादव सहित पूरा स्टाफ व छात्र-छात्राओं, अनुदेशक बलराम कुमावत सहित 500 लोगों ने भाग लिया।

# जिला कलक्टर ने चारागाह विकास कार्य का किया निरीक्षण

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**जालोर।** जिला कलक्टर निशांत जैन ने आहोर पंचायत समिति में बांकली ग्राम पंचायत के सेलड़ी गांव में राजीव गांधी जल संचय योजना के तहत आईडब्ल्यूएमपी-24 जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग द्वारा करवाये गये चारागृह विकास एवं फ्लदार पौधारोपण कार्य, टांका निर्माण कार्य, एनीकट निर्माण कार्य एवं फील्ड बण्ड कार्यो का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर निशांत जैन ने चारागाह विकास के लिए हुए पौधारोपण कार्य की सराहना करते हुए पंचायत से इस कार्य को मॉडल मानते हुए उद्यान विकास में प्रस्तावित कर महात्मा गांधी नरेगा में ट्रेक निर्माण करवाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर निशांत जैन व जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर वाटरशेड के अधीक्षण अभियंता अरूण कुमार आमेटा, सहायक अभियंता भंवरलाल सोलंकी, कनिष्ठ अभियंता सतनाम सिंह, जलग्रहण उप समिति के सचिव नेनाराम मेघवाल, विक्रम पटेल व विक्रमसिंह सेलडी उपस्थित रहे।

## एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने बारां जिले के ग्राम हनोतिया में फंसे 5 युवक/युवतियों को कॉलेज परीक्षा हेतु सुरक्षित पार्वती नदी पार करवाई

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**बारां।** बारां जिले में तैनात रेस्क्यू टीम बी-4 प्रभारी हैड कानि0 बद्रीलाल को पुलिस थाना सदर जिला बारां के अन्तर्गत ग्राम हनोतिया पार्वती नदी के उफान पर होने के चलते टापू बन गया है तथा सभी प्रकार के मार्ग बन्द है। गांव के कुछ युवक/युवतियों की आज कॉलेज परीक्षा है, युवक/युवतियों को नदी पार करवाने हेतु आप अविलम्ब घटनास्थल के लिए रवाना होने की सूचना मिली । एसडीआरएफ कन्ट्रोल रूम ने कमाण्डेंट राजकुमार गुप्ता से अनुमति प्राप्त कर टीम प्रभारी बारां को अविलम्ब घटनास्थल के लिए रवाना होने के निर्देश दिये। रेस्क्यू टीम बी-4 प्रभारी 11 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ प्रातः 09:35 बजे घटनास्थल के लिए रवाना हुए। 10:40 बजे घटनास्थल पर पहुँचकर टीम कमाण्डर ने स्थिति का जायजा लिया तथा एसडीआरएफ कमाण्डेन्ट को बताया कि पुलिस थाना सदर जिला बारां के अन्तर्गत ग्राम हनोतिया पार्वती नदी उफान पर होने के कारण टापू बन गया है तथा गांव में जाने के सभी मार्ग बन्द है। गांव के 04 युवक तथा एक महिला की आज स्नातक परीक्षा है। मध्य प्रदेश में अतिवृष्टि के कारण बारां जिले की सभी नदियां उफान पर है। एसडीआरएफ राजस्थान कमाण्डेन्ट ने टीम कमाण्डर को सुरक्षा एवं रेस्क्यू से सम्बन्धित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये तथा गणपति महावर डिप्टी कमाण्डेन्ट, यशोधनपाल सिंह सहायक कमाण्डेन्ट तथा श्रीमती एकता हाडा कम्पनी कमाण्डर को ऑपरेशन के निकटम सुपरवीजन हेतु नियुक्त किया। टीम कमाण्डर के निर्देश पर रेस्क्यू टीम के जवानों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। रेस्क्यू टीम मोटर बोट की सहायता से उफनती पार्वती नदी को पार कर टापू बने ग्राम हनोतिया पहुँची। हनोतिया ग्राम में फंसे 4 युवक/युवती जिनकी आज कॉलेज परीक्षा है तथा एक ग्रामीण को लाईफ जैकेट पहनाकर मोटर बोट की सहायता से सुरक्षित उफनती पार्वती नदी पार करवायी। मौके पर मौजूद स्थानीय प्रशासन, थानाधिकारी सदर बारां राजेष खटाणा मय जाप्ता तथा ग्रामीणों ने एसडीआरएफ को धन्यवाद दिया तथा रेस्क्यू टीम के कार्य की सराहना की।

स्वात्वाधिकारी, मालिक, प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक संतोषचंद्र द्वारा जी.एन.ऑफसेट प्रिंटर्स अंसल प्लाजा के पीछे, स्टेडियम शॉपिंग सेंटर, जोधपुर से मुद्रित एवं विनायक नगर ए, पुराना आर.टी.ओ. ऑफिस, वार्ड नं08 भीनमाल जिला जालौर (राजस्थान) से प्रकाशित। मो.9887894894 TC NO. RAJHIN27936